'जहर' बना और जहरीला ! यहां 90 बोरों में बरामद हुआ नकली गुटखा

Bhilai Gutkha News: दुर्ग पुलिस (Durg Police) ने नकली जर्दायुक्त गुटखा बनाने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 90 बोरी नकली गुटखा जब्त किया है. इसके साथ ही पुलिस ने इसके आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार भी किया है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह 3-4 बजे के बीच पुरानी भिलाई के उमदा इलाके में स्थित फैक्ट्री और गोदाम पर छापा मारा गया. आरोप है कि इस फैक्ट्री में नकली गुटखे का उत्पादन किया जा रहा था. छापे के दौरान फैक्ट्री से गुटखा बनाने की मशीनें, नकली गुटखे के 90 बोरे और वहां काम करने वाले 10 लोगों को हिरासत में लिया गया.

कई हफ्तों से मिल रही थी सूचना

भिलाई छावनी के सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि पुलिस को कई हफ्तों से उमदा क्षेत्र में नकली जर्दायुक्त गुटखा बनाने की सूचनाएं मिल रही थीं. इस पर दुर्ग पुलिस ने निगरानी शुरू की थी. इसके बाद गुरुवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि तड़के 3 से 4 बजे के बीच गुटखे से लदी एक गाड़ी भिलाई की ओर जाएगी. यह जानकारी तुरंत दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला को दी गई, जिन्होंने फैक्ट्री पर छापा मारने के आदेश दिए.

गुटखे से भरी गाड़ी पकड़ी गई

सीएसपी हरीश पाटिल ने जामुल थाना प्रभारी कपिल देव पांडेय, छावनी थाना प्रभारी चेतन चंद्राकर और खुर्सीपार थाना प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज के साथ एक संयुक्त टीम तैयार की. रात करीब 3 बजे पुलिस टीम ने एक गाड़ी (CG 07 BK 5038) को

आते हुए देखा और उसे रोककर तलाशी ली. तलाशी के दौरान गाड़ी में 60 बोरी नकली पानराज जर्दायुक्त गुटखा मिला. पूछताछ के दौरान ड्राइवर ने बताया कि माल उमदा स्थित फैक्ट्री से लाया गया था.

फैक्ट्री में छापा और आरोपी गिरफ्तार

इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम तुरंत उमदा स्थित फैक्ट्री पहुंची. हालांकि, आरोपियों को पहले से ही जानकारी मिल चुकी थी और वे गुटखा बनाने का सामान दूसरी गाड़ी (CG 07 CS 5338) में भरकर भागने की कोशिश कर रहे थे. पुलिस ने उन्हें मौके पर गिरफ्तार कर लिया.

Source: https://mpcg.ndtv.in/chhattisgarh-news/bhilai-police-sizes-90-sacks-of-duplicate-gutkha-and-arrested-10-accuses-in-this-case-in-chhattisgarh-6707811